अमृत विचार

बरेली महानगर

बरेली , बुधवार ,25 मार्च 2026

PAGE NO : IV BOTTOM

डा.ललित सिंह को शिकागो में मिली एफसीसीएम फैलोशिप



बरेली, अमृत विचार : एसआरएमएस मेडिकल कालेज के रेस्पिरेटरी एवं क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष डा . ललित सिंह को अमेरिका के शिकागो शहर में सोमवार को सोसाइटी ऑफ क्रिटिकल केयर मेडिसिन के 55वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में अमेरिकन कालेज आफ क्रिटिकल केयर मेडिसिन ने अपने प्रतिष्ठित फैलोशिप एफसीसीएम से सम्मानित किया। पूर्व में भी कई फैलोशिप एवं अन्य सम्मान हासिल करने वाले डा .ललित सिंह कहते हैं कि इसका श्रेय परिवार, गुरुजनों एवं मित्रों के साथ- साथ उन सभी मरीजों को जाता है, जिनके मार्गदर्शन और विश्वास से आज यह उपलब्धि हासिल कर सका। कहा कि वह भविष्य में क्रिटिकल केयर की उन्नति, उत्कृष्टता और मरीजों के उपचार को बेहतर बनाने एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में कार्यरत चिकित्सकों को क्रिटिकल केयर में प्रशिक्षित करने की दिशा में विशेष रूप से कार्य करेंगे।